हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

12 रोमांचक मुकाबले में एलएनआईपीई ग्वालियर की टीम बनी विजेता



12 गेहूं खरीद की नई शर्तों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### उमरा में हॉकी एवं कबड्डी खेलों के ट्रायल आज

**हांसी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरा को खेल विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए आर्चरी, हॉकी एवं कबड्डी खेलों की खेल नर्सरियां आवंटित की गई हैं। जो कि विद्यालय एवं क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए गर्व एवं उत्साह का विषय है। इन खेल नर्सरियों के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन के लिए 3 अप्रैल को विद्यालय के खेल मैदान में प्रातः 9 बजे ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल के दौरान संबंधित खेलों के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो खिलाड़ियों की खेल क्षमता एवं प्रदर्शन के आधार पर चयन प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने कम्युनिटी लायजन ग्रुप के साथ की बैठक

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने घरेलू हिंसा मामलों की रोकथाम को लेकर वीरवार को कम्युनिटी लायजन ग्रुप (सीएलजी) के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य समाज में घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों की रोकथाम, पीड़ितों को त्वरित सहायता तथा पुलिस व समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कम्युनिटी लायजन ग्रुप पुलिस और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करता है।

### जरूरतमंद बच्चों में वितरित की शिक्षा सामग्री

**हिसार।** रॉबिन हुड आर्मी ने सेक्टर-16 स्थित सरकारी स्कूल में अध्ययनरत लगभग 130 जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा सामग्री का वितरण किया। इस सेवा कार्य के तहत बच्चों को 500 स्कूल कॉपियां और 500 पेंसिल प्रदान की गईं। इसके साथ ही बच्चों के लिए जूस और बिस्किट की भी व्यवस्था की गई। इस मौके पर हिसार चैप्टर के प्रभारी तुषार, गुंजन महिपाल, जतिन और मोलिक भी उपस्थित रहे।

### हनुमान जयंती पर श्रेष्ठ छात्र सम्मानित

**हिसार।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में जीवीएस इंटरनेशनल स्कूल, दुबेटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला पार्षद अनिल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों को वार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले बच्चों को अनिल शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया और बच्चों को सात्विक खानपान अपनाने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। सभी ने मिलकर हनुमान नाम की माला का जाप किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सोनू पंघाल, डायरेक्टर संजय सिंह राव, प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप सूरा सहित सभी अध्यापक भी मौजूद रहे।

## पीएलए में मिनी चौपाटी सहित अनेक स्थानों पर चला पीला पंजा

# रेहड़ी वालों में मची अफरा-तफरी तोड़ डाले स्थायी कब्जे, हटाए जनरेटर

**सीएम विंडो व समाधान शिविर तक भी शिकायतें पहुंची लेकिन अधिकारी औपचारिकता ही करते रहे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) अधिकारियों ने प्रशासनिक निर्देशों व बार-बार हो रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पीएलए क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने किसी भी रेहड़ी, खोखे सहित अवैध कब्जाधारी को नहीं बख्शा। पीएलए शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की शिकायतें लंबे समय से अधिकारियों को मिल रही थी। सीएम विंडो व समाधान शिविर तक भी शिकायतें पहुंची लेकिन इससे पहले अधिकारी केवल मात्र औपचारिकता ही करते रहे। वे सुबह के समय ही अतिक्रमण हटाते और अधिकारियों को रिपोर्ट दे देते कि अतिक्रमण हटा दिया गया है जबकि असली अतिक्रमण ही शाम के समय होता रहा है। शाम के समय न केवल रेहड़ी व खोखे वाले, बल्कि बड़े बड़े शोरूम वाले भी अपने शोरूमों के आगे कुर्सियां लगाकर अवैध कब्जा करते थे और वहीं पर ग्राहकों को बैठाकर मोटा पैसा कूटते थे। यह रिपोर्ट भी अधिकारियों तक पहुंचाई गई लेकिन उनके कानों पर जूं नहीं रेंगी।

### अभियान शुरू हुआ तो मची अफरा-तफरी

एचएसवीपी अधिकारियों का एक दल गुरुवार सुबह पीले पंजे के साथ पीएलए क्षेत्र में पहुंचा और अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। अचानक चले अभियान से इलाके में हड़कंप मच गया। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रशासनिक अमले को देखकर रेहड़ी संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कई लोग अपनी-अपनी रेहड़ियां लेकर इधर-उधर भागते नजर आए।





हिसार। अवैध कब्जों पर कार्रवाई करती एचएसवीपी की टीम।

### स्थाई कब्जे व जनरेटर तक हटाए

इस दौरान टाउन पार्क की ओर स्थित मार्केट में लंबे समय से बने स्थायी कब्जों पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन की सहायता से पक्के ढांचे तोड़े गए। मिनी चौपाटी के नाम से मशहूर इस क्षेत्र में रेहड़ी संचालकों के तंदूर तोड़े गए, जनरेटर हटाए गए और स्थायी रूप से खड़ी की गई रेहड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया।

### वैकल्पिक व्यवस्था की उठी बात

इस पूरी कार्रवाई के बीच एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी सामने आया है कि सरकारी नीति के अनुसार रेहड़ी-पटरी संचालकों को निर्धारित शुल्क लेकर निश्चित स्थान उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। ऐसे में स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर अवैध और स्थायी कब्जों को हटाना उचित है, वहीं दूसरी ओर इन छोटे व्यवसायियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करना भी उतना ही जरूरी है, ताकि उनकी रोजी-रोटी प्रभावित न हो।

- शाम के समय न केवल रेहड़ी व खोखे वाले, बल्कि बड़े बड़े शोरूम वाले भी अपने शोरूमों के आगे कुर्सियां लगाकर अवैध कब्जा करते थे

### आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

एचएसवीपी की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।
-रामप्रसाद, एसडीओ, एचएसवीपी।

### ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स में चलाया अभियान

इससे पहले एचएसवीपी अधिकारियों ने ओल्ड कोर्ट कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में खाली व्यावसायिक प्लॉट्स पर बनी गरीब परिवारों की झुग्गियों को भी हटाया गया, जिससे कई परिवार बेघर हो गए। उन्हें स्थान खाली करने की चेतावनी दी गई, जिसके बाद उनके सामने रहने और रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। लोगों का मानना है कि प्रशासन को ऐसी कार्रवाई के साथ-साथ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में भी कदम उठाने चाहिए।

### पीएलए में फिर लगा भेदभाव का आरोप

पीएलए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दूसरी साइड की मार्केट में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी नाराजगी देखने को मिली। वहां कुछ स्थानों पर स्थायी खोखों और बैठने की व्यवस्था के कारण आने-जाने का रास्ता अवरुद्ध है, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने चयनात्मक कार्रवाई का आरोप लगाया है।



हिसार। डीसी से मिलने पहुंचे अभिभावक व बच्चे।

## रोडवेज बसें बंद होने से 250 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

- बस के लिए डीसी से गुहार लगाने पहुंचे अभिभावक व बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

केंद्रीय विद्यालय कैंट हिसार में पढ़ने वाले करीब 250 विद्यार्थियों के सामने आवागमन की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। रोडवेज द्वारा वर्षों से संचालित बस सेवा बंद किए जाने के बाद अभिभावकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर बसें दोबारा शुरू करने की मांग की है। इस दौरान अभिभावक समाधान शिविर में अधिकारियों से मिले और समस्या के समाधान की गुहार लगाई। अधिकारियों ने इस विषय में रोडवेज विभाग से चर्चा कर उचित समाधान का भरोसा दिया।

इससे पूर्व अभिभावकों ने बताया कि हिसार डिपो की ओर से केंद्रीय विद्यालय कैंट के लिए दो बसें चलाई जाती थीं, जो पिछले करीब 20 वर्षों से नियमित रूप से सेवा दे रही थीं। इन बसों के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों आज़ाद नगर, कैमरी रोड, बस स्टैंड, मॉडल टाउन, जिंदल चौक, सेक्टर 9-11, सूर्य नगर, विद्युत नगर व सातरोड आदि से बच्चे स्कूल पहुंचते थे। लेकिन हाल ही में इन बसों को बंद कर दिया गया, जिससे बच्चों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल में पढ़ने वाले कई बच्चों के परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। कई अभिभावक नौकरी के सिलसिले में बाहर रहते हैं, जिसके चलते बच्चों को स्कूल छोड़ने और लाने की जिम्मेदारी बुजुर्गों पर रहती है। बस सेवा बंद होने के कारण अब बुजुर्गों के लिए बच्चों को स्कूल पहुंचाना मुश्किल हो गया है। छोटे बच्चों की उम्र भी महज 6 वर्ष के आसपास होने से उनकी सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ गई है।

## किसान संगठनों ने प्रदर्शन करके मांगा मुआवजा, न देने पर आंदोलन की चेतावनी

*हिसार। हाल ही में हुई बेमौसम बरसात व ओलावृष्टि से कई गांवों में फसलें खराब हुई है। किसान संगठन व राजनीतिक लगातार इस मामले में किसानों की आवाज उठाते हुए उनके लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसी कड़ी में अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया और प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। दूसरी ओर भाकियू सिद्धपुर एकता ने मंडियों में फसल बेचने को लगाई गई शर्तें हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया और तुरंत प्रभाव से शर्तें हटाने की मांग की। किसान नेता सुरेंद्र मान ने बताया कि 31 मार्च को आए भयंकर तूफान और ओलावृष्टि से हिसार तहसील के कई गांवों में गेहूं, चना, सरसों और जौ की फसलें बिछ गई हैं। खेतों में खड़ी पकी-पकाई फसलें अब मिट्टी में मिल चुकी हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। किसान सभा के प्रधान रमेश मिरकां और सचिव अभयराम फौजी की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन में कई मांगें उठाई गई। किसानों ने कहा कि प्रभावित इलाकों में तुरंत विशेष गिरदावरी करवाई जाए, फसल खराबे का शत-प्रतिशत आकलन कर किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा जारी किया जाए।*

## 24/7 डीएचबीवीएन कंट्रोल रूम रहेगा सक्रिय

- भीषण गर्मी से निपटने के लिए जारी किए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह ने गर्मी के मौसम और संभावित हीटवेव को देखते हुए बिजली आपूर्ति की निगरानी और नियंत्रण के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में निगम ने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, डीएचबीवीएन मुख्यालय में एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम 24/7 आधार पर कार्य करेगा, जो पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की रियल-टाइम मॉनिटरिंग करेगा। यह कंट्रोल रूम फीडर स्तर पर सप्लाई की स्थिति, ट्रिपिंग और ब्रेकडाउन पर नजर रखेगा तथा आउटेज और बहाली का पूरा रिकॉर्ड बनाएगा। निगम प्रवक्ता संजय चुघ ने



हिसार। बिजली सब स्टेशन।

बताया कि सिस्टम ऑपरेशन, हिसार के अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो एचपीपीसी और यूएचबीवीएन के साथ समन्वय स्थापित कर पूरी व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

### फीडर प्रदर्शन पर फोकस

डीएचबीवीएन ने निर्देश दिए हैं कि हर माह खराब प्रदर्शन करने वाले फीडरों की पहचान की जाए। इसमें 11 केवी के ऐसे फीडर शामिल होंगे जिनमें महीने में 20 या उससे अधिक ब्रेकडाउन हों, जबकि 33 केवी के फीडरों में 5 या उससे अधिक ब्रेकडाउन होने पर विशेष समीक्षा की जाएगी।

### महत्वपूर्ण सेवाओं को प्राथमिकता

बिजली आपूर्ति में अस्पतालों, जल आपूर्ति योजनाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही संवेदनशील फीडरों, ट्रांसफार्मरों और सबस्टेशनों का अग्रिम रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया है।

### लोड मैनेजमेंट व आपात व्यवस्था

पीक डिमांड के दौरान डायनेमिक लोड मैनेजमेंट लागू किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार लोड शेडिंग की जाएगी। आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त स्टॉक और त्वरित प्रतिक्रिया टीमें तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिकायत निवारण पर जोर

उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की अग्रिम सूचना एसएमएस, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के माध्यम से देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कंट्रोल रूम में अधिकारियों की तैनाती कर शिकायतों के त्वरित निवारण पर जोर दिया गया है।

## खरीद कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: प्रशासनिक सचिव

- प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने अनाज मंडियों का किया निरीक्षण
- गेहूं और सरसों की खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं जिला की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने वीरवार को जिले की विभिन्न अनाज मंडियों का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गेहूं और सरसों की खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीद कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय उपायुक्त महेंद्र पाल भी मौजूद



हिसार। अनाज मंडियों का निरीक्षण करती प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार।

रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडियों में चल रही व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीद कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों को नियमित रूप से मंडियों का दौरा करने और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फसल खरीद के बाद किसानों को 72 घंटे के भीतर भुगतान उनके बैंक खातों में किया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तोल प्रक्रिया, नमी मापक यंत्र व रिकॉर्ड रजिस्टरों को जांचा

मंडी में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मजदूरों के लिए आवश्यक सुविधाएं और समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

### खरीद कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली

इस अवसर पर जिला की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय परिसर के बैठक कक्ष में खरीद एजेंसियों व संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक भी ली गई। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने मंडियों में खरीद के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं लागू की हैं, जिसका मकसद स्थानीय किसानों की भलाई है। इसके लिए कृषि उपनिदेशक को भी किसानों के साथ सभाएं कर उन्हें सही जानकारी देने के निर्देश दिए।

## हिसार के नए एसपी होंगे सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा में गुरुवार शाम बड़े स्तर पर आईपीएस और एचपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इसी कड़ी में सिद्धांत जैन को हिसार का नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) नियुक्त किया गया है, जबकि मौजूदा एसपी शशांक कुमार सावन को एआईजी एडमिनिस्ट्रेशन, पुलिस मुख्यालय भेजा गया है। यह फेरबदल 24 आईपीएस और 5 एचपीएस अधिकारियों के व्यापक ट्रांसफर का हिस्सा है और महज 10 दिनों में दूसरा बड़ा बदलाव है।सिद्धांत जैन इससे पहले फतेहाबाद में सेवाएं दे चुके हैं और हाल ही में हिसार जेल में सघन तलाशी अभियान जैसे सख्त कदमों के कारण चर्चा में रहे। उनके अनुभव को देखते हुए उनसे कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की उम्मीद है। वहीं, एसपी शशांक कुमार सावन का कार्यकाल करीब डेढ़ साल का रहा, जिसमें एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों में कमी दर्ज की गई। हालांकि उनके कार्यकाल में कई विवाद भी सामने आए। डीजे विवाद के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले और एक नाबालिग की मौत का मामला काफी सुर्खियों में रहा, जिसमें पुलिस पर गंभीर आरोप लगे और एफआईआर तक दर्ज करनी पड़ी। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर की हत्या, पुलिस हिरासत में मौत, और अमित शाह के दौरे के दौरान सुरक्षा चूक जैसे मामले भी चर्चा में रहे। जासूसी प्रकरण में यूट्यूबर ज्योति की गिरफ्तारी ने भी राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचा। बावजूद इसके, उनके कार्यकाल में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार जैसे कदम भी उठाए गए।



### सुरक्षा को लेकर पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल

**हांसी।** जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस जवानों को विभिन्न आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ड्रिल के दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति, भीड़ नियंत्रण, अचानक उत्पन्न होने वाली आपदा एवं अन्य संवेदनशील हालातों में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई का अभ्यास कराया गया और जवानों को सिखाया कि किसी भी आपात स्थिति में कैसे त्वरित निर्णय लेते हुए टीम वर्क के साथ कार्य करना है, साथ ही संचार प्रणाली एवं आधुनिक उपकरणों का प्रभावी उपयोग कैसे सुनिश्चित करना है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस बल को हर परिस्थिति में सजग, सक्षम एवं तैयार बनाए रखना है।

### अनु मलिक करेंगे उद्घाटन, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा होंगे मुख्य अतिथि

# गुजवि में 'अक्षरम्-2026' का शुभारंभ

- रोशनी से नहाया कैंपस चप्पे-चप्पे पर रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 3 अप्रैल से राष्ट्रीय स्तर के साहित्य, संवाद और संस्कृति महोत्सव 'अक्षरम्-2026' का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन 3 अप्रैल को मशहूर संगीत निर्देशक और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अनु मलिक भारत विभाजन विभीषिका व वन्दे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट



मंत्री डॉ. कमल गुप्ता भी संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। विशेष आकर्षण के रूप में इस बार 'स्वदेशी जागरण मंच' की ओर से एक विशेष मेले का आयोजन किया जा रहा है, जो भारतीय कौशल और उत्पादों की झलक पेश करेगा।

महोत्सव के दौरान देश की जानी-मानी हस्तियां अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। कार्यक्रम का औपचारिक मुख्य उद्घाटन 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा शिरकत करेंगे। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रख्यात विचारक जे. नंदकुमार होंगे।

विशिष्ट अतिथियों की सूची में 'चाणक्य' धारावाहिक के निर्माता डॉ. चंद्रप्रकाश द्विवेदी, हरियाणा साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद्र अग्निहोत्री, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संगठन मंत्री मनोज कुमार और 'पाञ्चजन्य' के संपादक हितेश शंकर शामिल रहेंगे।

साथ ही हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कम्बोज, सुपवा, रोहतक के कुलपति डॉ. अमित आर्य और राजेश जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई करेंगे।

### शाम को सुरों की महफिल और कवि सम्मेलन

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बात करें तो 3 अप्रैल की शाम बेहद खास होने वाली है। शाम को आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि विनीत चौहान, भारती दीक्षित और निलोत्पल मृणाल अपनी रचनाओं से समां बांधेंगे। इसके तुरंत बाद रात 8 से 10 बजे तक रोहतक का मशहूर 'सुपवा बैंड' अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से युवाओं को थिरकाएगा।

### चप्पे-चप्पे पर दिख रहा उत्साह

तैयारियों का जायजा लेते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुजविप्रौवि प्रशासन और 'जिल्द संस्थान' नई दिल्ली के वालंटियर्स दिन-रात काम कर रहे हैं। कैंपस में जगह-जगह सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए हैं और सजावट ऐसी है कि छात्र मंत्रमुग्ध हैं। साउंड टेस्टिंग और रिहर्सल के कारण पूरा माहौल उत्सवमय हो गया है।

## खबर संक्षेप

### नए सत्र के लिए लाडवा में खेल नर्सरी ट्रायल आज

**हिसार।** ग्राम पंचायत लाडवा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लाडवा में खेल विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत खेल नर्सरी (सत्र 2026–27) के लिए खिलाड़ियों के चयन बारे ट्रायल का आयोजन 3 अप्रैल को किया जाएगा। सरपंच रामफल पूनिया और विद्यालय की प्रिंसिपल फूलवती लांबा ने बताया कि ट्रायल शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता परमेंद्र मलिक की देखरेख में संपन्न होंगे।

### स्वच्छता के नियमों का उल्लंघन करने पर निगम किए चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एएसआई सन्नी ने मॉडल टाउन क्षेत्र में रेहड़ी संचालक के द्वारा कचरे का सेग्रीगेशन न करके वाहन में डालने पर एक-एक हजार के दो चालान किए। एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट में पीजी के कारिंदे के द्वारा खुले में कचरा डालने पर पीजी का 5 हजार रुपये का चालान किया। इसके अलावा एएसआई प्रवीण, एएसआई सन्नी व एएसआई सरोज ने पीएलए क्षेत्र में कचरा सेग्रीगेशन न करने पर एक दुकानदार का चालान किया।

### पशु क्रूरता अधिनियम के तहत 13 ऊंटों को छुड़वाया

**हिसार।** गौ तस्करी/पशु क्रूरता के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 ऊंटों को छुड़वाया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सूचना मिली थी कि एक ट्रक राजस्थान से अवैध रूप से ऊंटों को भरकर हिसार की ओर लाया जा रहा है, जिन्हें आगे वध के लिए ले जाया जाना था। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संबंधित ट्रक को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रक चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पुलिस टीम को टक्कर मारने का प्रयास किया।

### मोटरसाइकिल चोरी मामले में संलिप्त दूसरा आरोपी काबू

**हांसी।** पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान थाना शहर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मुख्य सिपाही वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि हांसी निवासी सुरेन्द्र पार्क में घूमने के लिए आया था और उसने अपनी बाइक को पार्क के बाहर खड़ा किया जब वापस गया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब मिली। मामला दर्ज कर पुलिस टीम ने एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया।

### भूगोल क्विज में राजकीय कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** राजकीय महाविद्यालय ने अंतरराज्यीय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (स्नातक स्तर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 31 मार्च को के. सुरजीत सिंह इंस्टीट्यूट फॉर स्पैशियल प्लानिंग एंड एनवायरनमेंटल रिसर्च, पंचकूला में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन एसोसिएशन ऑफ पंजाब जियोग्राफर्स द्वारा किया गया, जिसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा से चयनित श्रेष्ठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई।

## शिव महापुराण कथा में दान करने और सनातन धर्म के प्रति अडिग रहने का किया आह्वान

# धन को धर्म व जनकल्याण कार्यों में लगाएं कभी कमी नहीं रहेगी : कृष्ण शरण शास्त्री

जब भोलेबाबा की अनुकंपा होती है तभी शिवकथा सुनने का मिलता सौभाग्य

एमसी कॉलोनी के भारत माता मंदिर में शिव महापुराण कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

समाजसेवी स्व. चौ. फतेहचंद, स्व. माता हरबंस कौर एवं स्व. विजय शर्मा की स्मृति में भारत माता मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री महाराज ने भगवान शिव की महिमा से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने कहा कि जब भोलेबाबा की अनुकंपा होती है तभी शिवकथा सुनने का सौभाग्य मिलता है। उन्होंने सद्कार्यों के लिए प्रेरित करते हुए भारत माता मंदिर द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों की चर्चा की।

पंडित कृष्ण शरण शास्त्री ने कहा कि निस्वार्थ भाव से सेवा करते हुए दूसरों के लिए जीने में अलग ही आनंद है। उन्होंने दान की महिमा समझाते हुए कहा कि यदि कोई पंछी नदी से पानी पी ले तो कोई फर्क नहीं पड़ता, इसी भांति यदि एकत्र धन में से थोड़ा दान कर दिया जाए तो कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि धन को धर्म व जनकल्याण कार्यों में लगाएं कभी कमी नहीं रहेगी। उन्होंने सचेत किया कि बहुत से लोग सनातन धर्म पर आघात करने के लिए तैयार बैठे हैं लेकिन हमें हमेशा प्रभु के प्रति आस्था बनाए रखनी है।

एमसी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर में शिव महापुराण कथा के चौथे दिन सीए रामनिवास अग्रवाल, सुरेंद्र कुच्छल, शालू तायल, पंडित धर्मेंद्र, नरेश, प्रेमलता, उमा राजगढिय़ा, संतोष पारीक, मीनू सिंगला व नरेश गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके साथ ही लता सिंगल, मनोरमा गुप्ता, परवीन अरोड़ा, इंदु गोयल, सुनीता शर्मा, मधु बंसल, रेखा, बिमला कथूरिया, अनिल महत्ता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल व आचार्य संतोष शास्त्री सहित काफी संख्या में महिलाएं व अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहे।





**हिसार।** भारत माता मंदिर में शिव महापुराण कथा करते कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री व उपस्थित श्रद्धालु।

### हनुमंत शक्ति जागरण समिति ने हिसार से काजला धाम तक निकाली ध्वजा यात्रा



**हिसार।** हनुमंत शक्ति जागरण समिति, बालाजी भक्त मंडल व स्वदेशी पारिवारिक सत्संग के संयुक्त तत्वावधान में हिसार की नई अनाज मंडी स्थित सतनारायण मंदिर से काजला धाम तक हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ध्वजा यात्रा निकाली गई। इस ध्वजा यात्रा के लिए सूर्योदय से पूर्व ही सतनारायण मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु एकत्र हो गए और फिर वीर हनुमान की ध्वजाओं के साथ पैदल यात्रा शुरू हो गई। इस दौरान जय हनुमान और जय श्रीराम के उदघोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। विश्व शांति के लिए निकाली गई इस ध्वजा यात्रा के दौरान अनिल गोयल, रविंद्र गोयल, सतीश भुटानी, प्रदीप बामल, राहुल न्याणा, मोना जैन, श्याम सोनी, रिचा जांगड़ा, सुमन ऐरन, संध्या शर्मा व सोनिया श्योदान सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। स्वदेशी जागरण मंच के प्रकल्प स्वदेशी पारिवारिक सत्संग से जुड़े अनिल गोयल ने बताया कि हर वर्ष हिसार में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है और हनुमान चालीसा पाठ किया जाता है। इसी कड़ी में हिसार से काजला धाम तक ध्वजा यात्रा की गई है और 11 परायण हनुमान चालीसा पाठ किया गया है।

### सत्संग की महिमा अपरंपार, सत्संग से बदल जाता मनुष्य का जीवन : स्वामी सत्यानन्द

- गोयंका सेवा सदन (देवी भवन) में तीसरे दिन भी संत प्रवचन समागम जारी




**हिसार।** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्त्वावधान में स्थानीय गोयंका सेवा सदन देवी भवन के प्रांगण में प्रारंभ हुए सात दिवसीय संत सम्मेलन के तृतीय दिवस में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सत्संग की महिमा को सुना। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज ने सत्संग की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए व तर्क देते हुए बताया कि सत्संग की कोई भी पंक्ति मनुष्य का जीवन बदल सकती हैं क्योंकि सत्संग की महिमा अपरंपार है। महाराज जी ने फरमाया कि हम बहुत ही सौभाग्यशाली जीव हैं, जो हम पर प्रभु की विशेष कृपा हुई की हम प्रभु का सिमरन कर सकें वह प्रभु के बनाए जीवों से प्यार कर सकें, परंतु कुछ देशों लोग अभी भी नास्तिक हैं। वह परमात्मा को मानते ही नहीं उनकी सोच यही रहती है कि जब तक जियो खूब चकाचक खाओ वह अपने आप को चमकाओ व मस्त रहो जो जी में आए वह करो। जबकि प्रभु का सिमरण व सत्संग जरूरी है ताकि हम अपना जीवन पवित्र बना सकें। इस अवसर पर राकेश गर्ग, रामकुमार रावलवासिया, शिवकुमार गोयल महामंत्री, मनोज गर्ग, नरेंद्र शर्मा एसबीआई, कर्मवीर एसबीआई, मुकेश शर्मा बंटी, सूबे सिंह मुदगिल रहे।

### बालाजी मंदिर में सुंदरकांड पाठ कर किया मंत्रमुग्ध



**नारनौंद।** मोठ रोड पर बालाजी मंडी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुंदर पाठ का आयोजन कर विशाल भंडारा लगाया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में नगर पालिका के चेयरमैन शमशेर कूकन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और उन्होंने मंदिर में आशीर्वाद लिया। गुरुवार को मंदिर में कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ से हुई। पूरे देश में शांति बनाए रखने के लिए श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। उसके बाद शद्धालुओं ने हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर आरती करते हुए दर्शन करने शुरू किया। सुबह से ही भक्तों की दर्शन करने के लिए लंबी कतार लग गई।

### अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने भव्य ध्वज यात्रा निकाली



**हांसी।** अन्तरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल हिंदू महासम्मेलन व भव्य ध्वजयात्रा पूरे शहर के मुख्य बाजारों में निकाली। दोपहर को हिंदू महासम्मेलन शुरू हुआ। विभिन्न वक्ताओं के बौद्धिक विचारों के संबोधन पश्चात ध्वज यात्रा एवं शौर्य यात्रा निकाली गई इसमें सैकड़ों युवक युवतियों ने पूरी यात्रा के दौरान लाठी व तलवारबाजी से आत्मरक्षा के करतबों का शौर्य प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुमार बंसल, विशिष्ठ अतिथि गोल्डी सैनी, पूजा चित्तौड़ा मुख्य वक्ता जो उज्जैन से आई थी तथा संगठन महामंत्री रामानन्द रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण गुर्जर ने की।

### गुजवि के दो विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक योग्यता और उद्योग के लिए अपनी तैयारी का प्रदर्शन किया है। विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से आयोजित आन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट हासिल किया है। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि बीटेक एमई के हर्ष सुंडा का चयन जिंदल इंडस्ट्रीज लिमिटेड में तथा बीटेक सीएसई एंड एआईएमएल के धीरज का चयन आर्टेसियन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी में हुआ है।ये उपलब्धियां गुजवि के सफल कैंपस प्लेसमेंट के ट्रैक रिकॉर्ड को और मजबूत करती हैं और उद्योग जगत के साथ विश्वविद्यालय के मजबूत जुड़ाव का प्रमाण हैं।

## साहित्य के अनमोल खजाने से रूबरू हुए छात्र

- दयानंद कॉलेज में भव्य पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

दयानंद कॉलेज के हिंदी एवं संस्कृत विभाग की ओर से कॉलेज परिसर में भव्य पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की संस्कृति को पुनर्जीवित करना और उन्हें हिंदी साहित्य की समृद्ध विरासत से परिचित कराना रहा। प्रदर्शनी में हिंदी साहित्य की कालजयी कृतियों के साथ-साथ विभिन्न ज्ञानवर्धक विषयों की पुस्तकों का बड़ा संग्रह प्रदर्शित किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में भारतीय एवं विदेशी भाषाओं से हिंदी में अनूदित पुस्तकों का संकलन भी रखा गया, जिसने साहित्य-प्रेमियों का ध्यान खींचा। इसी कड़ी में इतिहास विभाग के प्रोफेसर महेंद्र सिंह द्वारा स्वरचित पुस्तकें भी प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम के संरक्षक व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का माध्यम हैं, बल्कि वे हर दौर में इंसान की सबसे सच्ची मार्गदर्शक बनी रहती हैं। इस अवसर पर डॉ. संगीता शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र बिश्नोई, डॉ. सुमंगला वशिष्ठ, डॉ. सुमन बाला, डॉ. माया, डॉ. संतोष रानी, प्रोफेसर अमरनाथ, प्रोफेसर दिगपाल, प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह और डॉ. दीपक सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षकगण मौजूद रहे।



**हिसार।** पुस्तक प्रदर्शनी देखते विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बुजुर्ग की हत्या का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**नारनौंद।** विभिन्न वार्डों में किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए गुरुवार को नगर पालिका की टीम जेसीबी और भारी पुलिस बल के साथ पहुंच गई। जब कार्रवाई शुरू की तो लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। फिर पुलिस ने मोर्चा संभाला और पीले पंजे से अवैध कब्जे हटा दिए गए।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका की तरफ से जिन लोगों ने अवैध कब्जे किए हुए थे। उनको नोटिस भेज कर कब्जे हटाने के लिए कहा गया था लेकिन किसी ने भी अवैध कब्जों को नहीं हटाया। गुरुवार को नगर पालिका की तरफ से एमी जयवीर सिंह, जेई विजय शर्मा, जेई प्रवीण कुमार, विजय कुमार जेसीबी लेकर वार्ड 13 में पहुंचे किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल को भी तैनात किया गया था।

### गुजवि के विद्यार्थी इंटर-स्टेट क्विज प्रतियोगिता में रहे दूसरे स्थान पर



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग और एसोसिएशन आफ पंजाब ज्योग्राफर्स द्वारा आयोजित इंटर-यूनिवर्सिटी क्विज प्रतियोगिता और एसोसिएशन ऑफ पंजाब द्वारा आयोजित इंटर-स्टेट क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर, विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई व प्रभारी प्रो. राम सिंह बैनीवाल उपस्थित रहें।

### चार नए सोलर प्लांट शुरू डीएचबीवीएन की कुल क्षमता 54.25 मेगावाट पहुंची

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक विक्रम सिंह के नेतृत्व में निगम ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए चार नए सोलर पावर प्लांट सफलतापूर्वक शुरू कर दिए हैं। ये प्लांट भिवानी सर्कल के अंतर्गत गांव मिरान (33 केवी सब-स्टेशन दरियापुर), गांव भुढेरी (33 केवी सब-स्टेशन पहाड़ी नक्कीपुर) तथा हिसार सर्कल के गांव उमरा (33 केवी सब-स्टेशन उमरा) में स्थापित किए गए हैं। इन सभी प्लांट्स की संयुक्त उत्पादन क्षमता 8 मेगावाट है। इसके साथ ही डीएचबीवीएन के संचालित सोलर प्लांट्स की संख्या बढ़कर 32 हो गई है, जबकि कुल स्थापित क्षमता 54.25 मेगावाट तक पहुंच गई है।

### 10 हजार फार्मासिस्टों को रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण का अंतिम मौका

**हिसार।** हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल ने राज्य के फार्मासिस्टों को बड़ी राहत देते हुए रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण के लिए तीन महीने की ग्रेस पीरियड देने की घोषणा की है। यह सुविधा उन सभी फार्मासिस्टों के लिए लागू होगी, जिनका रजिस्ट्रेशन वर्ष 2020 या उससे पहले समाप्त हो चुका है। काउंसिल के चेयरमैन बीबी सिंगल व इग्जेक्युटिव कमेटी सदस्य रविन्द्र चोपड़ा ने सयुंक्त बयान में बताया कि राज्य में करीब 70 हजार फार्मासिस्ट पंजीकृत हैं, जिनमें से लगभग 10 हजार फार्मासिस्टों, जिनका रजिस्ट्रेशन दिसंबर 2020 को समाप्त हो गया था, उन्होंने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन रिन्यू नहीं करवाया है। यह निर्णय काउंसिल की कार्यकारणी की बैठक में लिया गया। इग्जेक्युटिव कमेटी सदस्य रविन्द्र चोपड़ा ने बताया कि ऐसे सभी फार्मासिस्टों को 30 जून तक अपना नवीनीकरण करवाना अनिवार्य है। निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन न करने पर संबंधित फार्मासिस्ट का नाम फार्मासिस्ट रजिस्टर से हटा दिया जाएगा।




**हिसार।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी।

## न्यूज डायरी

### आरडीएम स्कूल में नव सत्र का उत्साहपूर्ण शुभारंभ



**उकलाना।** आरडीएम स्कूल उकलाना में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विशेष रूप से शालू सुवीन कटारिया ने विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नए सत्र के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। आरडीएम ग्रुप के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी मेहनत और समर्पण के साथ अध्ययन करें तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिया रही प्रथम



**हिसार।** मल्लापुर गांव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में विद्यार्थियों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम, नीलम ने द्वितीय तथा वंदना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले प्रतियोगिता में निशा प्रथम, जिया द्वितीय एवं हिमांशी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं हैंड्स-ऑन लर्निंग गतिविधि में लक्ष्य ने प्रथम, आर्यन ने द्वितीय और नवीन ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मिखलेश कुमारी ने मोटिवेटर के रूप में भाग लेते हुए विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दे सरकार



**हिसार।** संयुक्त किसान संघर्ष समिति बालसमंद तहसील ने नायब तहसीलदार बालसमंद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नुकसान की भरपाई के लिए 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की है। समिति के प्रधान सुरेन्द्र आर्य ने बताया कि 31 मार्च को हुई ओलावृष्टि के कारण बालसमंद तहसील क्षेत्र के गांवों में किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। इसके लिए प्रशासन से तुरंत क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने और किसानों की बर्बाद हुई फसल का पचास हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग की गई है ताकि किसान अपना जीवनयापन कर सकें। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाम्भू ने कहाकि किसानों को अभी तक खरीफ 2025 का मुआवजा और बीमा क्लेम ही नहीं मिला था कि प्रकृति ने फिर से विनाश कर दिया। इस दौरान पूर्व सरपंच जगदीश लौरा ने कहा कि सरकार को बीमा कम्पनियों की इस खुली लूट पर रोक लगानी चाहिए और किसानों के हक पर डाका डालने वालों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### उन्नत तकनीक से कपास का उत्पादन बढ़ाएं : डॉ. गर्ग



**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से प्रदेश में कपास के उत्पादन व क्षेत्रफल में वृद्धि करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय द्वारा भिवानी व हिसार जिले के विभिन्न गांवों नंगथला, ढाणी धीरजा, धूलकोट और सदलपुर में कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीक विषय पर आयोजित प्रशिक्षण शिविरों में किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के समापन अवसर में किसानों को संबोधित करते हुए अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने किसानों को कपास फसल की अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नत किस्म के बीज, कीटनाशक दवाओं एवं रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों से उन्नत तकनीकें अपनाकर कपास का औसत उत्पादन बढ़ाने व बैटरी चालित पंप का किसान हित में उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय आपकी तकनीकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा। कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. करमल ने शिविर में कपास फसल से जुड़ी तमाम जानकारियां किसानों को दी।

**बैठक** विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने के निर्देश

# गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए : अमनीत

- समीक्षा को लेकर प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने अधिकारियों की ली बैठक

**हिसार।** वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं हिसार जिले की प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार ने गुरुवार को जिले में चल रही विकास परियोजनाओं तथा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रशासनिक सचिव ने निर्देश दिए कि जिले में चल रहे सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचना सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए तथा जिन योजनाओं में किसी प्रकार की बाधा आ रही है, उन्हें तुरंत दूर कर कार्य में तेजी लाई जाए।

प्रशासनिक सचिव ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही या अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने और जमीनी स्तर पर कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती प्रशासनिक सचिव अमनीत पी कुमार। फोटो : हरिभूमि

### लंबित परियोजनाओं को जल्द पूरा करें

आदमपुर में जल्द से जल्द लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के निर्देश

आदमपुर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें जल्द से जल्द लंबित परियोजनाओं को पूरा करें। उन्हें अवगत करवाया गया कि अगले माह तक यहां कार्य पूर्ण करवा लिया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी तथा अन्य विभागीय योजनाओं को लेकर गंभीरता से कार्य करने की हिदायत दी। हिसार में बनने वाले ऑब्जरवेशन होम को लेकर अधिकारियों को हिदायत दी गई कि तीसरे भवन के निर्माण के लिए चंडीगढ़ मुख्यालय से संपर्क कर त्वरित कार्य करवाया जाए। अभी तक बन चुके दो भवनों में कार्य शुरू करने की और भी ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद, नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, डिप्टी सीईओ जिला परिषद कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### मंडलायुक्त का कार्यभार संभालने पर किया स्वागत

**हिसार।** अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी गीता भारती द्वारा हिसार मंडलायुक्त का कार्यभार संभालने के अवसर पर उनके कार्यालय में पहुंच कर उनका स्वागत करके शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रधान एवं मौजूदा पार्षद संजय डालमिया ने वार्ड के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर संजीव मित्तल, वीरेंद्र गुप्ता, मोती सिंह उपस्थित रहे।

### जाट महासभा ने अधिकारी पर कार्रवाई मांगी

**नारनौंद।** विश्व जाट महासभा ने सोनीपत जिले के बिजली निगम के एक अधिकारी द्वारा कथित तौर पर जाति विशेष पर की गई अशोभनीय टिप्पणी पर कड़ी निंदा की है। महासभा ने प्रदेश सरकार से मांग की कि ऐसे अधिकारी को तुरंत नौकरी से हटाया जाए। महासभा के प्रदेश महासचिव मास्टर उपेंद्र डाटा ने कहा कि तीन अप्रैल को महासभा प्रदेश के सभी जिलों के मुख्यालयों पर जिला उपायुक्त को ज्ञापन देकर उक्त अधिकारी को गिरफ्तार कर उपयुक्त कार्रवाई करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लगातार समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं ताकि प्रदेश में 36 बिरादरी के लोग जो कि आपस में भाईचारे के साथ रहते हैं।

### रवि चंद हांडा व मधु चावला बनी जिला अध्यक्ष

**हिसार।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्षा सूर्यवंशी ज्योति कमल हांडा की अध्यक्षता में रेड स्क्वायर मार्केट सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिबदयाल वधवा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी औम प्रकाश चुघ व हरियाणा-पंजाब-चंडीगढ़ के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी अधिवक्ता राजेन्द्र कुकरेजा ने शिरकत की। बैठक में सर्वसम्मति से सूर्यवंशी रवि चंद हांडा को जिला अध्यक्ष व सूर्यवंशी मधु चावला को जिला महिला अध्यक्षा चुना गया।

### धूमधाम से मनाया श्री हनुमान जयंती महोत्सव

**हिसार।** मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में गुरुवार को श्री हनुमान जयंती महोत्सव बहुत ही श्रद्धा एवं पूजा-पाठ के साथ मनाया गया। वैदिक विद्वान वल्लभ सती द्वारा बहुत ही विधि विधान से पूजा करवाई गई, जिसके यजमान अशोक बंसल व रमेश चुघ थे। पूजा के साथ-साथ श्री हनुमान चालीसा का 21 बार पाठ किया गया और भोग के पश्चात देशी घी के लड्डुओं का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर आश्रम कमेटी के पदाधिकारी राकेश नारंग, अनिल महता, दिनेश शर्मा व संदीप बिंदल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खेल नर्सरी के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल आज

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुक्केबाजी खेल नर्सरी (लड़के एवं लड़कियां) के लिए 3 अप्रैल को ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी के कोच सतीश कुमार जांगड़ा ने बताया कि इसमें छात्रवृत्ति लाभ भी दिए जाएंगे। 15 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपए प्रति माह, व 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को 2000 प्रति माह मिलेंगे। इसके लिए 3 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे लीडिंग बॉक्सिंग एकेडमी, राजगढ़ रोड़ में ग्राम पंचायत, गंगवा की देखरेख में ट्रायल होगा।

### नगर निगम ने पकड़े 31 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने माल कॉलोनी, महेश कॉलोनी, अमनदीप कॉलोनी, न्यू ऋषि नगर के आस-पास क्षेत्र से 31 बेसहारा पशुओं को पकड़ा।

## गुजवि में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी का आगाज

# रोमांचक मुकाबले में एलएनआईपीई ग्वालियर की टीम बनी विजेता

- कबड्डी के महाकुंभ में महिलाओं की 32 तथा पुरुषों की 39 टीमें भाग ले रही हैं।
- एलएनआईपीई ग्वालियर ने डॉ. केएन मोदी विवि राजस्थान को 22 अंकों से हराया।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




**हिसार।** एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी खिलाड़ी कृष्ण गोादारा, व सुरेश कुमार को सम्मानित करते मुख्यातिथि कुलसचिव डॉ. विजय कुमार तथा प्रतियोगिता के दौरान दम-खम दिखाते खिलाड़ी।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सर्कल स्टाईल कबड्डी (महिला) एवं (पुरुष) प्रतियोगिता के महाकुंभ का शानदार आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य सारा देश सुणेगा हरियाणें की, देशां म्ह देश हरियाणा जित दूध-दही का खाणा व पंजाबी गिद्दा मंजीरा टुंग-टुंग करदा ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट भी प्रस्तुत किया गया। कबड्डी के महाकुंभ में महिलाओं की 32 तथा पुरुषों की 39 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच एल.एन.आई.पी.ई ग्वालियर तथा डा. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय राजस्थान के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में एल.एन.आई.पी.ई ग्वालियर की टीम विजेता रही। एलएनआईपीई ग्वालियर ने डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय राजस्थान को 22 अंकों से हराया। इसके अलावा पीआरएस यूनिवर्सिटी प्रयागराज ने आरएमपीएस अलीगढ़ को 8 अंकों से हराया। स्पोर्टस यूनिवर्सिटी राई सोनीपत ने निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर को 10 अंकों से हराया। सिंघानिया यूनिवर्सिटी ने पीआर यूनिवर्सिटी प्रयागराज को 12 अंकों से हराया। जीयू गढ़चिराली महराष्ट्र ने सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ को छह अंकों से हराया।

### मेहनत व ईमानदारी से ही मुकाम हासिल करना संभव

*प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने मंच से विश्वविद्यालय तथा ए.आई.यू. के ध्वज का ध्वजारोहण करके किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि वह खिलड़ियों के जोश व जज्बे को सलाम करते हैं। क्योंकि मेहनत व ईमानदारी से ही मुकाम हासिल किया जा सकता है। खेल को हमेशा खेल भावना, धैर्य व अनुशासन में रहकर खेलना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एशियन कबड्डी खिलाड़ी व गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट कृष्ण गोदारा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अनेक अवसर उपलब्ध हैं। खिलाड़ी अपने मनपंसद खेल को चुनकर, अपना लक्ष्य निर्धारित कर उससे अपना, अपने परिवार, समाज तथा देश का नाम रोशन कर सकता है। एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट व कबड्डी खिलाड़ी सुरेश कुमार ने कहा कि खिलाड़ी अनुशासन, धैर्य, मेहनत, अनवरत प्रयास करके जीवन का सपना साकार कर सकते हैं। आज खेलों में अनेक अवसर मौजूद हैं।*



**हिसार।** प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पंजाबी गिद्दे की प्रस्तुती देते कलाकार।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन ऑफ स्पोर्ट्स प्रो. आशीष अग्रवाल, ऑर्गेनाइजिंग सचिव तथा खेल निदेशक डा. शशि भूषण लूथरा, सहायक खेल निदेशक एवं कोच मृणालिनी नेहरा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला, ए.आई.यू. आब्जवर डा. शकुंतला बैनीवाल, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. राजीव कुमार, उप-निदेशक खेल गंगादत्त यादव, ओ.पी. भादू, डा. विनोद कुमार, डा. एस.एस.जोशी, डा. सुनैना, डा. पल्लवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**जर्जर इमारत का गिरा छज्जा**

## मलबा गिरने से बाइक पर जा रहा व्यक्ति घायल



**हांसी।** जर्जर इमारत का गिरा छज्जा और मलबे में पड़ी मोटरसाइकिल तथा नागरिक अस्पताल में भर्ती घायल मजदूर नरेंद्र। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहर के मध्य में स्थित चौपटा बाजार में गुरुवार सुबह वर्षों पुरानी एक जर्जर इमारत का छज्जा अचानक से भरभरा कर जमीन पर आ गिरा गया। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक श्रमिक मलबा ऊपर गिरने से घायल हो गया और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घायल की पहचान वार्ड नंबर 4 निवासी 55 वर्षीय नरेंद्र के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद आस-पास के लोगों ने नरेंद्र को मलबे के नीचे से निकाल उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन नरेंद्र ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह गुरुवार सुबह भी अपनी बाइक पर सवार होकर इंदिरा कॉलोनी में दिहाड़ी मजदूरी के लिए जा रहा था और जैसे ही चौपटा बाजार से दिल्ली गेट की मुड़ा तो अचानक इमारत के छज्जा टूट कर उसका मलबा उसके ऊपर आ गिरा। इससे वह अपनी बाइक सहित सड़क पर गिर गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने मलबे के नीचे से निकाल अस्पताल पहुंचाया। परिजनों के अनुसार, नरेंद्र के दो बेटे हैं।

### मची अफरा-तफरी

बाजार के बीचोंबीच स्थित वर्षों पुरानी इमारत का छज्जा गिरने से कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी मच गई। लेकिन गनिमत रही कि सुबह का वक्त होने के चलते बाजार में भीड़ कम थी, अन्यथा हादसा बड़ा हो सकता था। वहीं इमारत के छज्जे का मलबा वहां से गुजर रही बिजली के तारों पर गिरने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित गई। जिसे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच लाइन को ठीक कर बाधित बिजली आपूर्ति को बहाल किया। बता दें कि हांसी शहर में इसके अलावा भी कई जर्जर इमारतें हैं। जो किसी भी समय भरभरा कर गिर सकती है।

## चलती ट्रेन से गिरा युवक, मोबाइल पर बात करते वक्त बिगड़ा संतुलन

- युवक को गंभीर हालत के चलते अग्रोहा रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



**हांसी।** चलती ट्रेन से गिर कर घायल हुआ महेंद्र नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन।

रोहतक हांसी रेलवे लाइन पर गुरुवार सुबह चलती ट्रेन में मोबाइल पर बात करते समय एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया। चलती ट्रेन से गिरने पर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घायल युवक की पहचान राजस्थान के नागौर जिले के छोटी खाटू निवासी 30 वर्षीय महेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महेंद्र रोहतक से हांसी आ रही एक ट्रेन में खिड़की के पास खड़े होकर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था कि इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। इससे महेंद्र के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस द्वारा हांसी के सामान्य अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के उपरांत उसकी गंभीर हालत के चलते अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि वह इतनी गंभीर स्थिति में है कि कुछ भी बताने में असमर्थ है। घायल युवक के पास मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान की गई है।

### पेट्रोल पंप लूट मामले में तीनों आरोपी न्यायिक हिरासत में

**हिसार।** पुलिस ने बगला रोड स्थित पैट्रोल पंप लूट मामले में पकड़े गए तीनों आरोपियों को एक दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी ढंढूर निवासी प्रवेश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल व 18 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। इसी तरह ढंढूर निवासी आरोपी सागर उर्फ भोजी के कब्जे से 10 हजार रुपये व तीसरे आरोपी चौथा मील निवासी साहिल के कब्जे से साहिल के कब्जे से 12 हजार रुपये बरामद किए गए। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी प्रवेश के विरुद्ध 4 मुकदमे, सागर के विरुद्ध 2 मुकदमे तथा साहिल के विरुद्ध 1 मुकदमा जिले के विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

## ट्रकों से डीजल चोरी के आरोप में काबू

- शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



**हांसी।** खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने के दोनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में

जिला पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान शहर थाना पुलिस ने खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार है। आरोपियों की पहचान बरवाला निवासी सीताराम तथा भिवानी जिले के गांव दुर्जनपुर निवासी विनोद के रूप में हुई है।

जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेन्द्र पाल ने बताया कि भिवानी जिले के गांव लेघां निवासी कुलवंत ने 21 मार्च को शहर थाना में शिकायत दी थी कि अपने ट्रक में सामान लोड कर हिसार से बिहार जा रहा था। इस दौरान लेघां निवासी व संजय भी उसके साथ अपने ट्रक लेकर बिहार जा जा रहे थे। कि सुबह करीब 3 बजे वे हांसी बाईपास स्थित रॉयल विंग होटल के सामने अपने ट्रक रेस्ट एरिया में खड़ा कर आराम करने के लिए रुक गए और अपनी-अपनी गाड़ियों में ही सो गए। सुबह जब नींद खुली तो उसने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति ट्रकों से तेल निकाल रहे थे। शोर मचाने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में तीनों ट्रकों की जांच करने पर लगभग 600 लीटर डीजल चोरी होना पाया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम ने टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड लिया गया है। रिमांड के दौरान पकड़े गए आरोपियों से चोरी किए गए डीजल की बरामदगी तथा वारदातों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया जाएगा।

## दंत चिकित्सा केवल दर्द कम करने तक सीमित नहीं : डॉ. शिप्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



- डॉ. शिप्रा ने बताया कि ओपीजी इंप्लांट, जटिल रूट कैनाल उपचार आदि में यह उपयोगी रहती है।

अब दंत चिकित्सा केवल दर्द कम करने तक सीमित नहीं रही बल्कि पूरी तरह सटीक सुरक्षित और तकनीकी रूप से उन्नत हो चुकी है। यह बात डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री अस्पताल में एस्थेटिक दंत चिकित्सक एवं रूट कैनाल विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा सिंघल ने कही। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीकों ओपीजी, सीबीसीटी, इंट्रा ओरल कैमरा, इंट्रा ओरल स्कैनर, डीटीएस प्रो और डिजिटल डेंटिस्ट्री जैसी नवीन तकनीकों ने दांतों के इलाज को पूरी तरह बदल दिया है। इन तकनीकों के माध्यम से रोग का सही निदान, स्पष्ट योजना और बेहतर परिणाम संभव हो पाया है। ओपीजी के बारे में डॉ. शिप्रा ने बताया कि यह एक पैनोरमिक एक्सरे तकनीक है जिससे पूरे जबड़े, दांतों, हड्डियों और आसपास की संरचना की स्पष्ट तस्वीर प्राप्त होती है। इंप्लांट, जटिल रूट कैनाल उपचार आदि में यह उपयोगी रहती है।

## नलवा विधायक ने अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



**हिसार।** मंडी का निरीक्षण करते नलवा विधायक रणधीर पनिहार।

नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने गुरुवार को हिसार अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीद प्रक्रिया, किसानों की सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, शेड की स्थिति तथा फसल उठान व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल की खरीद समय पर हो तथा भुगतान प्रक्रिया में भी किसी प्रकार की देरी न हो। इसके अलावा उन्होंने मंडी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक रणधीर पनिहार ने अधिकारियों से कहा कि फसल उठान कार्य साथ की साथ किया जाए ताकि मंडी में अनावश्यक भीड़ न हो और किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इसके अलावा मौसम को ध्यान में रखते हुए फसल को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाएं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन रविंद्र रॉकी, वाइस चेयरमैन अनिल डालमिया, मंडी के प्रधान मांगेराम रावलवासीया, मार्केट कमेटी हिसार के सदस्य सुरेंद्र मुकलान, पटेल पुनिया, ओमप्रकाश टाक, प्रदीप जांगड़ा आदि उपस्थित थे।



**हांसी।** हवन यज्ञ में आहुति डालते स्कूल चेयरमैन आनंद यादव व अन्य।

### आनंद स्कूल मिलकपुर में हुआ विद्यारंभ संस्कार व हवन

**हांसी।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में गुरुवार को विद्यारंभ संस्कार एवं हवन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुभ शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन वैदिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया, जिसमें हवन-पूजन के माध्यम से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर चेयरमैन आनंद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यारंभ संस्कार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है, जो बच्चों को शिक्षा के प्रति समर्पण और अनुशासन का संदेश देती है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय का सहयोग करें। प्रिंसिपल नितीश मिश्र ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### सरकार पोर्टल और बायोमेट्रिक जैसी पाबंदियों से किसानों को छुटकारा दे



**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने हरियाणा के विभिन्न जिलों जैसे हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, रेवाड़ी, भिवानी, चरखी दादरी और महेंद्रगढ़ में हुई बेमौसमी बारिश और भारी ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान पर किसानों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने सीधे तौर पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों और लगातार हो रही किसानों की अनदेखी के कारण हरियाणा का अन्नदाता बेहाल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कह रहे हैं कि सरकार भरपाई करेगी लेकिन सच तो यह है कि किसानों को पिछली बार हुई बारिश और ओलावृष्टि का मुआवजा आज तक नहीं मिला है। यह सरकार केवल वादे करना ही जानती है, उन्हें निभाने नहीं। राजेन्द्र सोरखी ने सैनी सरकार पर सीधा कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को पोर्टल के जाल में उलझा कर रख दिया है। किसानों का हित इसी में है कि सरकार पोर्टल और बायोमेट्रिक जैसी अनावश्यक पाबंदियों से उन्हें तत्काल मुक्ति दे ताकि वे अपनी फसलों को मंडियों में बिना किसी बाधा के बेच सके।

**फसल बेचने में हो रही परेशानी, पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग**

# गेहूं खरीद की नई शर्तों के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

भारतीय किसान यूनियन एकता के बैनर तले गुरुवार को किसानों ने जिला सचिवालय में सरकार द्वारा फसल खरीद के लिए लागू की गई नई शर्तों के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम का एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने कई प्रमुख मांगें उठाईं। इनमें रबी फसलों, खासकर गेहूं और सरसों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करना, खरीद प्रक्रिया को सरल बनाना, आलू के गिरते दामों से किसानों को राहत देना और प्रस्तावित व्यापार समझौतों में कृषि क्षेत्र को शामिल न करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, किसान आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने की भी मांग की गई।



**हांसी।** राष्ट्रपति के नाम एसडीएम राजेश खोथ को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के सदस्य

### परेशानी का कारण बन रही नई शर्तें : किसान

किसानों ने एसडीएम राजेश खोथ को अवगत कराया कि सरकार द्वारा फसल खरीद के लिए लागू की जा रही नई शर्तें किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। इन शर्तों में थंब इंप्रेशन अनिवार्य करना, मंडियों का समय सीमित करना, 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल का समय पर न खुलना और ट्रैक्टर के आगे नंबर प्लेट लगवाने की शर्त शामिल हैं। किसान नेता दशरथ मलिक ने कहा कि किसान लंबे समय से अपनी फसल मंडियों में लेकर आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नई शर्तों के कारण उन्हें अनावश्यक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। मलिक ने इन नियमों को तुरंत वापस लेने या सरल बनाने की मांग की। वहीं, एसडीएम राजेश खोथ ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतें और मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।